# CENTRE OF EXCELLENCE

## GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI,

## SHIMLA-06

# NSS


# {NATIONAL SERVICE SCHEME}

# मिशन ज्ञानोदय

**मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत अब तक प्रदेश भर में 7000 पुस्तकें इकट्ठी की जा चुकी है तथा 200 से अधिक बच्चों को मुफ्त में पढ़ाया जा रहा है**

## मिशन ज्ञानोदय उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएसईकाई के स्वयंसेवी हर्ष ठाकूर द्वारा शुरू किया गया वर्तमान में हर्ष ठाकुर मिशन ज्ञानोदय को प्रदेश स्तर पर चला रहे है

मिशन ज्ञानोदय




जिस प्रकार सूर्यउदय अंधकार का विनाश कर अपने उज्जवल प्रकाश से समस्त संसार को प्रकाशित करता है उसी प्रकार मिशन ज्ञानोदय एक सकारात्मक पहल है जिसके अंतर्गत अज्ञानता एवं परिहारता के अंधकार के विनाश हेतु विभिन्न विषयों पर लिखी गई अधिक से अधिक पुस्तकों को पुस्तकालयों के माध्यम से

आमजन एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा

# अक्टूबर  -2021

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में मिशन ज्ञानोदय अक्टूबर माह में शुरू किया गया जिसके अंतर्गत 900 से अधिक पुस्तकों को इकट्ठा करके मशोबरा लाइब्रेरी भेजा गया इस मिशन ज्ञानोदय में ADC  शिमला IAS किरण बढ़ाना ने स्वयंसेवीओ का साथ दिया






## मार्च -2022

राजकीय महाविद्यालय करसोग तथा राजकीय महाविद्यालय बासा गोहर तथा राजकीय महाविद्यालय ड निहरी में मिशन ज्ञानोदय शुरु किया गया जिसके अंतर्गत 2,000 से अधिक पुस्तकें एकत्रित की इस मिशन में करसोग डीएसपी गीतांजलि ठाकुर स्वयंसेवीओ का साथ दे रहे हैं मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने स्कुलो में जाकर विद्यार्थियों को मिशन ज्ञानोदय के सन्दर्भ में प्रेरित किया तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माहूनाग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग , राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुराग , राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगशाड के अध्यापक व

विद्यार्थियों ने मिशन ज्ञानोदय में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा मिशन ज्ञानोदय में पुस्तके दान की।




**इसके साथ ही साथ मिशन ज्ञानोदय प्रदेश के 8 जिलों में शिमला मंडी उन्ना कांगड़ा सोलन सिरमौर हमीरपुर बिलासपुर में शुरू किया गया जिसके अंतर्गत लगभग 7000 से अधिक पुस्तकें इकट्ठी की जा चुकी है और प्रदेश भर**



**के 200 से अधिक बच्चों को बस्तियों में जाकर पढ़ाया जा रहा है साथ ही साथ ज्ञानोदय के अंतर्गत पुस्तकालय में पुस्तके दान की जा रही है**

शिमला, शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022

## एनएसएस इकाई करसोग ने डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर से की भेंट

करसोग। वीरवार को महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई के



छात्र–छात्राओं ने डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर से उनके कार्यालय में मिशन ज्ञानोदय अभियान जो.कि राजधानी शिमला के संजौली कॉलेज के हर्ष ठाकुर और महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई करसोग द्वारा चलाया जा रहा है को लेकर भेंट की । एनएसएस प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर ने हमें अपनी पुस्तकें देने को बोला और साथ ही हम इस अभियान के अंतर्गत लोगों को भी जागरूक करवाएंगे और वहीं डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर ने स्वयंसेवी द्वारा चलाई जा रहे इस अभियान बहुत प्रशंसा की। व उन्हें समय–समय पर मार्गदर्शन करने की बात कही।

## एन.एस.एस. स्वयंसेवी घुमारवीं में खोलेंगे पुस्तकालय

बिलासपुर, 29 जुलाई (विशाल): एन.एस.एस. ने पूरे प्रदेश में मिशन ज्ञानोदय चला रखा है। इस मिशन का उद्देश्य पुस्तकें एकत्रित कर गरीब बच्चों तक पहुंचाना है, ताकि उन्हें ज्ञान अर्जित करने और पढ़ाई में मदद की जा सके।

जिला बिलासपुर के एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने घुमारवीं एस.डी.एम. राजीव ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें इस मिशन की जानकारी दी। एस.डी.एम. राजीव ठाकुर ने मिशन ज्ञानोदय के लिए बचत भवन घुमारवीं के एक हिस्से में सामुदायिक पुस्तकालय खोलने की भी बात कही। उन्होंने स्वयंसेवियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि यह काफी अच्छा मिशन है तथा आप सभी स्वयंसेवी इसमें जरूर कामयाब होंगे। उन्होंने इस बारे स्वामी विवेकानंद कालेज घुमारवीं के पुस्तकालय प्रबंधन से बात करने की भी सलाह दी और कहा कि मिशन ज्ञानोदय के लिए फंड दिलवाने की भी कोशिश की जाएगी। इस बात पर भी चर्चा हुई कि पाठशालाओं में विद्यार्थियों को जो पुस्तकें दी जाती हैं, उन किताबों को उनके वार्षिक परिणाम के बाद उनसे वापस ले लिया जाए, ताकि उन किताबों का प्रयोग दूसरे विद्यार्थी भी कर सकें। उन्होंने कहा कि यह मिशन काफी पेड़ों को भी कटने से बचाएगा। एन.एस.एस. की जिला प्रधान स्वयंसेवी आरती शर्मा ने बताया कि मिशन ज्ञानोदय का अर्थ है ज्ञान का उदय।

मिशन ज्ञानोदय की शुरूआत अक्तूबर 2021 में शिमला के एक एन.एस.एस. स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर द्वारा की गई। इस मिशन में ए.डी.सी. शिमला किरण बडाना ने स्वयंसेवियों का साथ दिया।




VIBES
AUDITING
INDIRECT TAX LAWS
COST ACCOUNTING
FINANCIAL ACCOUNTING
BUSINESS STATISTICS
DICTIONARY OF SCIENCE
CBSE AIPMT
PHYSICS


ENVIRONMENTAL SCIENCE
कंपनी अधिनियम
आयकर
आयकर
सामान्य ज्ञान 2020
HISTORICAL TOURISM



**मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों व अध्यापकों को मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत जानकारियां दी जा रही है**





## मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत गरीब बस्तियों में जाकर विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है



आप सभी से निवेदन है कि कृपया इस वीडियो को एक बार जरूर देखें यह बेहतरीन कार्य राजकीय महाविद्यालय बंगाना के स्वयंसेवक पलक एवं नीम सिंह का है जो बस्तियों में गए वहां के बच्चों से बात की साथी ही साथ उनके अभिभावकों से भी बातचीत की बच्चों से प्रश्न पूछने के पश्चात हमें ज्ञात हुआ कि उन्हें अभी तक apple का मतलब तक पता नहीं है किसी को हमारे मुख्यमंत्री का नाम ही पता ऐसे कई प्रश्न पूछे गए जिसका उत्तर देने में वे बच्चे असमर्थ थे तो मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत अभिभावकों ने स्वयंसेवी से अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है यह मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत हमारे लिए एक बेहतरीन उपलब्धि है 🙏

#nssindia
#nsshimachal
#MinistryofYouthAffairsandSports

**Reported By - Harsh Thakur**